Unstarred Vidhan Sabha Question Bearing No.14/18/524 raised by Sh. VARUN CHAUDHRY, (Mullana) regarding MSME Units and Employment Generation.

Question No.14/18/524: Sh. VARUN CHAUDHRY, (Mullana)

Will the Deputy Chief Minister be pleased to state the following details regarding Venture Capital Fund (2023-24) for start ups:-

a) The budget allocated and the expenditure.
b) The number of applications received and approved; and
c) The composition of the Committee constituted for approval of applications?

Reply: Dushyant Chautala, Deputy Chief Minister, Haryana

Yes, Sir.

Sr. No.	**Question**	**Answer**
1.	The budget allocated and the expenditure	The Hon'ble Chief Minister had announced in his budget speech FY 2023-2024 that a new scheme shall be formulated to establish a Venture Capital Fund to provide financial support through loans and equity to start-up entrepreneurs who are women or come from families with an annual income of upto Rs. 1.80 lakhs or belong to the Scheduled Castes or Backward Classes. The corpus for the VC fund shall be INR 200 Crore as outlined in the budget announcement. Interest has been expressed by institutions such as IFCI and SIDBI to partner with the State government for the establishment of the VC fund. Since, the VC Fund is still in formulation stage, no official budget has been allocated and there has been no expenditure as yet.
2.	The number of applications received and approved	As mentioned above, since the VC Fund is still in formulation stage, therefore, no applications have been received or approved so far.
3.	The composition of the Committee constituted for approval of applications?	The approval committee is yet to be constituted and the same shall be done when VC Fund scheme is formulated.

अतारांकित विधान सभा प्रश्न संख्या 14/18/524 श्री वरुण चौधरी, (मुलाना) द्वारा एमएसएमई इकाइयों और रोजगार सृजन के संबंध उठाया गया।

क्या उप मुख्यमंत्री स्टार्ट अप के लिए वेंचर कैपिटल फंड (2023–24) के संबंध में निम्नलिखित विवरण बताने की कृपा करेंगे:

क) आवंटित बजट एवं व्यय

ख) प्राप्त एवं स्वीकृत आवेदनों की संख्या

ग) आवेदन पत्रों के अनुमोदन हेतु गठित समिति की संरचना क्या है?

उत्तरः– दुष्यंत चौटाला, उप मुख्यमंत्री, हरियाणा

हां, श्रीमान् जी

क्र सं0	प्रश्न	उत्तर
1.	आवंटित बजट एवं व्यय	माननीय मुख्यमंत्री ने वित्त वर्ष 2023–2024 के अपने बजट भाषण में घोषणा की थी कि उन स्टार्ट–अप उद्यमियों (जो महिलाएं हैं या ऐसे परिवारों से आते हैं जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये हैं या अनुसूचित जाति या पिछड़ा वर्ग से संबंधित हों) को ऋण और इक्विटी के माध्यम से वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए एक वेंचर कैपिटल फंड स्थापित करने की एक नई योजना तैयार की जाएगी। जैसा कि बजट घोषणा में बताया गया है कि वेंचर कैपिटल फंड के लिए कोष 200 करोड़ रुपये होगा। वेंचर कैपिटल फंड की स्थापना के लिए राज्य सरकार के साथ साझेदारी करने के लिए आई.एफ.सी.आई. (IFCI) और सिडबी (SIDBI) जैसी संस्थाओं द्वारा रुचि व्यक्त की गई है। चूंकि, वेंचर कैपिटल फंड अभी भी निर्माण चरण में है, इसलिए कोई आधिकारिक बजट आवंटित नहीं किया गया है तथा अभी तक कोई व्यय भी नहीं हुआ है।
2.	प्राप्त एवं स्वीकृत आवेदनों की संख्या	उपरोक्त कथानुसार, चूंकि वेंचर कैपिटल फंड अभी भी निर्माण चरण में है, इसलिए, अब तक कोई आवेदन प्राप्त या अनुमोदित नहीं हुआ है।
3.	आवेदन पत्रों के अनुमोदन हेतु गठित समिति की संरचना क्या है?	अनुमोदन समिति का गठन अभी किया जाना बाकी है और वेंचर कैपिटल फंड योजना तैयार होने पर ही ऐसा किया जाएगा।